संक्षिप्त

शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजली

बीकानेर । यहाँ वाल्मीकि बस्ती छोटी गुवाड़ स्थित श्रमिक सदन में अखिल भारतीय सफाई श्रमिक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष वाल्मीकि मुकेश राजस्थानी के सान्निध्य में एक मई मजदूर दिवस कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में कहा कि जब तक असंगठित मजदूर व सफाई श्रमिक एकजुट होकर अपने हक्कों के लिए संघर्षरत नहीं होंगे मैनेजमेंट संस्थाऐं उनका हर स्तर पर शोषण करते रहेंगे। ऐसे में एक मई मजदूर दिवस के खास दिन को याद कर अपनी श्रमशक्ति का सदुपयोग करें । साथ ही अपने अधिकारों के लिए सजग प्रहरी की भांति लड़ना पड़ेगा ।

मजदूर दिवस पर क्रांतिकारी उदघोष के साथ बोलते हुए श्रमिक नेता पं. हरि प्रकाश वाल्मीकि, राकेश वाल्मीकि,राकेश सियोता व दिलीप पांडे ने लाल सलाम झण्डे तले एक मई मजदूर दिवस के दिन शहीद हुए क्रांतिकारी शहीदों को भावपूर्ण अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनका स्मरण किया । साथ ही क्रांतिकारी आ ान किया कि असंगठित क्षेत्र के मजदूर व सफाई श्रमिक संगठित होकर अपने हक-हक्कूकों के लिए लड़ेंगे तो एक मई मजदूर दिवस की सार्थकता सिद्ध होगी । कार्यक्रम को सम्बोधित करने वाले अन्य श्रमिक नेता अनूप जावा, कैलाश हठवाल, रविकांत वाल्मीकि,संजय बारासा, जितेंद्र वाल्मीकि,राहुल सियोता, मनोज पंडित, मयंक वाल्मीकि, योगेश वाल्मीकि, अनिल तूफानी, राजेश चौहान, अभिषेक वाल्मीकि-ऋषि पंडित आदि शामिल थे । कार्यक्रम का संचालन संगठन के शहर जिलाध्यक्ष अभिषेक वाल्मीकि ने किया । अंत में दो मिनट का मौन धारण कर शहीद हुए मजदूरों को श्रद्धांजलि दी ।

लखावत 4 को आएंगे बीकानेर

बीकानेर, । राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत 4 मई (सोमवार) को बीकानेर आएंगे। वे सुबह 6 बजे जयपुर से प्रस्थान कर प्रातः 11 बजे बीकानेर पहुंचेंगे। प्राधिकरण अध्यक्ष बीकानेर में प्रस्तावित पैनोरमा के निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ लेंगे तथा सायं 4 बजे सड़क मार्ग द्वारा जोधपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

समीक्षा बैठक आयोजित

बीकानेर, । भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (इज्जतनगर), बरेली की अनुसंधान समीक्षा बैठक, राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलगुरु डॉ. सुमंत व्यास की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस समीक्षा बैठक में केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान की वर्तमान अनुसंधान प्रगति पर चर्चा एवं विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की गई एवं भविष्य में संचालन की जाने वाली संभावित अनुसंधान संभावनाओं पर विस्तृत मंथन हुआ। इस बैठक में डॉ. बी. एकम्बरम (हैदराबाद), डॉ. सतपाल दहिया (हिसार), डॉ. मुकुन्द कदम्ब (नागपुर), डॉ. शिरीश निगम (मुम्बई) एवं डॉ. जयदीप रोकड़े (इज्जतनगर) एवं संस्थान के वैज्ञानिक एवं अधिकारी सम्मिलित रहे।

26 ग्राम हेरोइन के साथ युवक पकड़ा

सूरतगढ़, शहर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिटी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को 26 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उससे पूछताछ जारी है। थाना के एसआई सुभाष बराला ने रात बताया कि वर पुलिस टीम में शामिल कांस्टेबल सुरेश कुमार, विकास, विरेंद्र कुमार और संजीव के साथ सांयकालीन गश्त पर थे। इसी दौरान जब टीम बडोपल रोड स्थित आनंद कॉलोनी क्षेत्र में पहुंची तो एक युवक पुलिस वाहन को देखकर घबरा गया और मौके से भागने का प्रयास करने लगा। युवक की संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए पुलिस ने तुरंत पीछा किया और थोड़ी दूरी पर ही उसे काबू कर लिया। इसके बाद पुलिस जाब्ते की मौजूदगी में उसकी तलाशी ली गई, जिसमें उसके कब्जे से 26 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अंगत उर्फ रॉकी शूटर (22) पुत्र विजय वाल्मीकि, निवासी वार्ड नंबर 37 सूरतगढ़ बताया। पुलिस ने मौके पर ही उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की आगे की जांच सदर थाने के एसआई ओमप्रकाश मान को सौंपी गई है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपी यह हेरोइन कहां से लाया और इसे कहां सप्लाई करने की तैयारी में था।

कलेक्टर ने रात्रि चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

■ ग्रामीण हित से जुड़ी योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए पंद्रह दिवसीय ग्राम रथ अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक ग्रामीण इन योजनाओं की जानकारी लें तथा इनका लाभ उठाएं

बीकानेर (निसं)। जिला कलेक्टर निशांत जैन ने लूणकरणसर की कांकड़वाला ग्राम पंचायत में ग्राम रथ अभियान का अवलोकन किया तथा यहां आयोजित रात्रि चौपाल में आमजन की समस्याएं सुनी। जिला कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जयपुर में 23 से 25 मई तक होने वाले ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट 'ग्राम-2026' और ग्रामीण हित से जुड़ी योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए पंद्रह दिवसीय ग्राम रथ अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक ग्रामीण इन योजनाओं की जानकारी लें तथा इनका लाभ उठाएं।

उन्होंने कला जत्थों द्वारा किए गए नुक्कड़ नाटक का अवलोकन किया तथा उपखंड अधिकारी को निर्देश दिए कि निर्धारित रूट के अनुसार सभी कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी इनका अवलोकन करें तथा 'डे प्रभारी' नियमित रूप से रथ के साथ रहे। उन्होंने बताया कि यह रथ 12 मई तक विभिन्न ग्राम पंचायतों में योजनाओं की जानकारी देंगें।

जिला कलेक्टर ने काकड़वाला में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों के बीच जमीन पर बैठक उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान 23 समस्याएं प्राप्त हुई। जिनमें चक 4 सीएचएम से महात्मा गांधी विद्यालय 2 सीएचएम तक डामर सड़क निर्माण, पोषाहार निर्माण मानदेय वृद्धि, पेयजल डिग्गियों की सफाई, जल जीवन मिशन के कार्य करवाने, चक 7-10 जीएसएम का सही परिसीमन करवाने, काकड़वाला स्कूल में जीव विज्ञान और कृषि विज्ञान संकाय प्रारंभ करने, स्कूल में शिक्षक लगाने, दिव्यांग प्रमाण पत्र दिलाने, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा कृषि फसल बीमा का लाभ दिलाने, उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत करने और वन्य जीवों के लिए पेयजल की व्यवस्था करने जैसी समस्याएं रखीं। जिला कलेक्टर ने सभी समस्याओं का नियमसम्मत और समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान लूणकरणसर उपखंड अधिकारी दयानंद रुयाल, तहसीलदार विनोद कुमार चौधरी, विकास अधिकारी किशोर कुमार, कृषि विभाग के संयुक्त निर्देशक मदन लाल, सहायक निर्देशक (उद्यानिकी) मुकेश गहलोत, पशुपालन विभाग के संयुक्त निर्देशक बीरमाराम, विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता राजेंद्र मीणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निर्देशक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिला कलेक्टर ने लूणकरणसर में निर्माणाधीन उप जिला अस्पताल कार्यालय भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने भवन निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ समयबद्ध करने के निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी और ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी को इसका नियमित निरक्षण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने उपखंड अधिकारी और पंचायत समिति कार्यालय का निरीक्षण भी किया। यहां की विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया। पत्रावलियों के बारे में जाना। आमजन से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए।

हत्या के प्रयास का फरार आरोपी पकड़

हनुमानगढ़, यहा रावतसर थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी संदीप उर्फ सैंडी (21) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5 हजार रुपए का इनाम घोषित था। संदीप वार्ड नंबर 6, चाइन्या का निवासी है और लंबे समय से वांछित था।

यह मामला 21 अक्टूबर 2025 को दर्ज किया गया था। पीडित सुभाषचंद्र ने रिपोर्ट में बताया था कि वह किकरालिया बस स्टैंड पर अपनी कार के पास खड़े थे। इसी दौरान एक बोलेरो कैंपर ड्राइवर ने उन्हें जान से मारने की नीयत से टक्कर मार दी। इस घटना में सुभाषचंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए और कार भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। पीडित के अनुसार, बोलेरो कैंपर में 5-6 लोग सवार थे, जो घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस ने इस मामले में पहले ही पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया था।

जलभराव की दशकों पुरानी समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए मास्टर प्लान

■ प्रोजेक्ट के लिए अनुबंध की शर्तें काफी संख्त रखी गई है

बीकानेर, शहर को मानसून के दौरान टापू बनने से बचाने और जलभराव की दशकों पुरानी समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए बीकानेर नगर निगम ने अब तक का सबसे बड़ा मास्टर प्लान धरातल पर उतार दिया है। बजट घोषणा 2024-25 की अनुपालना में निगम प्रशासन ने स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज प्रोजेक्ट के लिए अहमदाबाद की कंपनी को ?67 करोड़ 89 लाख 18 हजार 217 का कार्यादेश जारी कर दिया है। इस भारी-भरकम प्रोजेक्ट के तहत न केवल नया ड्रेनेज नेटवर्क तैयार होगा बल्कि अगले 10 सालों तक इसके सुचारू संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी भी संबंधित फर्म की होगी।

नगर निगम आयुक्त सिद्धार्थ पलानिचामी के आदेश के अनुसार इस कार्य का जिम्मा मेसर्स दिनेशचंद्र आर. अग्रवाल इन्फ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड अहमदाबाद को सौंपा गया है। कंपनी का चयन ऑनलाइन तकनीकी और वित्तीय निविदा प्रक्रिया के माध्यम से न्यूनतम दरदाता के रूप में किया गया है।

इस प्रोजेक्ट के लिए अनुबंध की शर्तें काफी सख्त रखी गई हैं, जिसके तहत फर्म को कार्य आदेश जारी होने के 15 दिनों के भीतर करीब 6.79 करोड़ की परफॉरमेंस गारंटी जमा करानी होगी। इन्फ्रास्ट्रक्चर और मेंटेनेंस पर खर्च का पूरा लेखा-जोखा इस प्रोजेक्ट को तकनीकी रूप से दो मुख्य हिस्सों में बांटा गया है ताकि निर्माण और भविष्य के संचालन में कोई कोताही न रहे। ये वही प्रोजेक्ट है जिसकी मुख्यमंत्री ने अपने पहले बजट भाषण में एलान किया था और अफसरशाही के चक्कर में उनका आधा कार्यकाल बीतने के बाद राशि मिल सकी।

निगम ने इस बार प्रोजेक्ट की समय सीमा और गुणवत्ता को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए 18 महीने का समय निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही कंपनी को 5 साल तक डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड के तहत काम की गारंटी देनी होगी।

सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि अगले 10 वर्षों तक इस पूरे सिस्टम के ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस की जिम्मेदारी भी कंपनी की ही होगी, जिससे भविष्य में तकनीकी खराबी आने पर नगर निगम पर अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा।

इस प्रोजेक्ट का बीकानेर की सूरत पर तीन स्तरों पर बड़ा असर पड़ेगा। सामान्य बारिश में भी सड़कें दरिया बन जाती हैं, वहां यह सिस्टम लाइफलाइन साबित होगा। वल्लभगार्डन, खुदखुदा नाले पर इसका सबसे बड़ा काम होगा। क्योंकि वल्लभगार्डन में पानी का फ्लो ठीक रहेगा तो शहर के अंदरूरी हिस्सों से भी पानी आसानी से पहुंच सकेगा। बजरंग विहार समेत तमाम कॉलोनियां जलमग्न नहीं होगी। इसके अलावा गंगाशहर के भीनासर समेत ब्राह्मणों के मोहल्ले जैसे इलाकों को भी राहत? मिलेगी क्योंकि वहां 12 एमएलडी का पंपहाउस बनाकर वहां के पानी को साफ करके आगे भेजा जाएगा। पानी जमा न होने से करोड़ों की लागत से बनी सड़कों की उम्र बढ़ेगी।

ड्रेनेज लाइनों के जाल और बुनियादी ढांचे के निर्माण पर 59.67 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इसमें 6.35 करोड़ की भारी राशि एमएमडी आधारित संचालन और 1.75 करोड़ रखरखाव के लिए आवंटित है। प्रोजेक्ट के दौरान किसी भी अप्रत्याशित कार्य के लिए 1.11 करोड़ की प्रोविजनल राशि अलग से सुरक्षित रखी गई है।

ग्राम रथ से जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार

■ बिजली, पानी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित विकास कार्यों और समस्याओं से अवगत कराया

बज्जू । उपखण्ड की जग्गासर, बिजेरी, भलूरी, गोकुल और छीला कश्मीर ग्राम पंचायतों में शुक्रवार को ग्राम रथ पहुंचा। यह रथ राज्य और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर रहा है। कोलायत विधायक अंशुमान भाटी ने भी इस दौरान कार्यक्रमों में शिरकत की। विधायक भाटी ने ग्रामीणों को राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और उनसे अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर उपस्थित आम लोगों ने विधायक भाटी को बिजली, पानी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित विकास कार्यों और समस्याओं से अवगत कराया।

नायब तहसीलदार नितिन पुरोहित ने बताया कि मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार की पहल पर 27 अप्रैल से 15 दिवसीय ग्राम रथ अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान राजस्थान की ग्रामीण बाहुल्य 183 विधानसभाओं में प्रचार-प्रसार का कार्य करेगा। प्रत्येक रथ 4 से 5 ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित करता है। इस ग्राम रथ में 13 विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री उपलब्ध है। विशेष रूप से कृषि, पशुपालकों और ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि ये योजनाएं ग्रामीण क्षेत्र में बैठे अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सकें।

प्रचार सामग्री में राज्य सरकार की योजनाओं के पैम्फलेट, बुक्स, फॉर्म और एलईडी स्क्रीन पर ऑडियो-वीडियो प्रेजेंटेशन शामिल हैं। साथ ही, लोक कलाकारों द्वारा लोकभाषा में कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं। ग्रामीणों से सुझाव प्राप्त करने के लिए एक सुझाव पेटिका भी लगाई गई है, जिस पर राज्य सरकार गंभीरता से विचार करेगी। इस दौरान सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम सेवक और निवर्तमान सरपंच भी उपस्थित रहे।

27 करोड़ के टेंडरों का मामला, सीएमओ तक पहुंची शिकायत

■ जांच के लिए आया डीएमई से दल

बीकानेर, सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज और पीबीएम हॉस्पिटल में 27 करोड़ रुपए से अधिक के मैन पावर के ठेकों का मामला सीएमओ तक पहुंच गया है। एक पूर्व विधायक की शिकायत के बाद राज्य सरकार ने चिकित्सा शिक्षा निदेशालय के दल को जांच के लिए भेजा है। इसकी भनक लगने के बाद पीबीएम प्रशासन में हलचल मची हुई है। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज और पीबीएम हॉस्पिटल में हुए मैन पावर के ठेकों की जांच के लिए चिकित्सा शिक्षा निदेशालय से वित्तीय सलाहकार के नेतृत्व में लेखा सेवा के अधिकारियों का चार सदस्यीय दल गुरुवार शाम को यहां पहुंचा। मेडिकल कॉलेज पहुंचकर दल के सदस्यों ने एफए पवन कस्वां से मुलाकात की। दल के सदस्यों ने वर्तमान में चल रहे मैन पावर के टेंडरों के अलावा पांच साल के टेंडरों का रिकॉर्ड मांगा है। ऐसा पहली बार हुआ है जब वित्तीय सलाहकार के दल को यहां भेजा गया है। दरअसल मैन पावर के ठेकों में शर्तों को लेकर गंभीर शिकायतें सीएमओ में की गई हैं। शिव से पूर्व विधायक मानवेंद्र सिंह जसोल ने सीएम को एक पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने मेडिकल कॉलेज और पीबीएम अस्पताल में मैन पावर के टेंडरों की उच्च स्तरीय जांच कराने का आग्रह किया था। इसके अलावा पश्चिम के विधायक जेठानंद भी नर्सिंग कर्मियों की भर्ती में रुपए लेने के आरोप फर्म पर लगा चुके हैं। उन्होंने विधानसभा में भी मामला उठाया था।

चिकित्सा शिक्षा निदेशालय से लेखा सेवा के उच्चाधिकारियों को पांच साल के टेंडरों की ऑडिट के लिए भेजा गया है। दरअसल पूर्व विधायक मानवेंद्र सिंह जसोल को कुछ लोगों ने परिवाद दिया, जिसमें कॉलेज और पीबीएम में मैन पावर के ठेकों को लेकर गंभीर शिकायतें की गई हैं। श्रमिकों को वेतन कम देने, पीएफ जमा नहीं कराने, 26 दिन के बजाय पूरे महीने का भुगतान उठाने और श्रमिक पूरे नहीं लगाने, चहेतों को काम देने के लिए टेंडर की शर्तें बनाने के आरोप हैं पीबीएम हॉस्पिटल में वर्तमान में करीब 27 करोड़ के मैन पावर के ठेके चल रहे हैं।

वार्ड बॉय और सुरक्षा का करीब 19 करोड़ का ठेका एक ही फर्म मैसर्स पन्नाधाय के पास है। इसे लेकर पिछले दिनों काफी विवाद हो चुका है। वेतन और पीएफ के मुद्दे पर कई दिन तक आंदोलन चला था। सफाई का ठेका इस बार 70 पॉइंट बढ़ाकर कुल 420 पॉइंट का 6 करोड़ का दिया गया है। उसके बाद भी पीबीएम के वार्ड और टॉयलेट गंदगी से भरे रहते हैं। कंप्यूटर ऑपरेटर का नया ठेका ही नहीं हो रहा। वार्डों में मरीजों को गंदी बेड शीट मिलती है। लॉन्ड्री का ठेका सालों से एक ही फर्म के पास है।

आधी अधूरी मिली एनडीपीएस कोर्ट

■ हेरोइन तस्करी के हॉट स्पॉट खाजूवाला, नोखा और श्रीडूंगरगढ़ के मामलों की सुनवाई नहीं होगी

बीकानेर, राज्य सरकार ने बीकानेर जिले में एनडीपीएस कोर्ट की अधिसूचना जारी कर दी है। जल्दी ही इसे शुरू किया जाएगा, लेकिन हेरोइन तस्करी के हॉट स्पॉट बने बार्डर इलाके खाजूवाला, नोखा और श्रीडूंगरगढ़ के एनडीपीएस मामलों की सुनवाई इस कोर्ट में नहीं होगी।

बीकानेर में नशे के अवैध कारोबार, युवाओं में बढ़ती लत, भारतमाता से बाइपास और बॉर्डर इलाकों में लगातार बढ़ती तस्करी को देखते हुए सालों से एनडीपीएस की विशेष कोर्ट की आवश्यकता जताई जा रही थी। इसे देखते हुए बजट सत्र में सरकार ने घोषणा की और अब अधिसूचना जारी कर दी है। बीकानेर को एनडीपीएस कोर्ट तो मिल गई, लेकिन आधी-अधूरी। क्योंकि, पाकिस्तान से बड़े पैमाने पर करोड़ों रुपए की हेरोइन तस्करी के कारण हॉट स्पॉट बने बॉर्डर एरिया खाजूवाला, नागौर-जोधपुर-फलौदी की ओर निकलने वाले मार्ग पर स्थित नोखा और जयपुर हाईवे पर श्रीडूंगरगढ़ के एनडीपीएस मामलों की सुनवाई यह कोर्ट नहीं करेगी।

सरकार की ओर से जारी अधिसूचना में प्रावधान किया गया है कि अपर जिला न्यायाधीश नोखा, खाजूवाला और श्रीडूंगरगढ़ के स्थानीय क्षेत्राधिकार को छोड़कर समस्त राजस्व बीकानेर (जिला न्यायालय बीकानेर क्षेत्राधिकार के अनुसार) के एनडीपीएस एक्ट मामलों की सुनवाई विशेष कोर्ट करेगी। एनडीपीएस के मामलों की सुनवाई सेशन जज स्तर के अधिकारी करते हैं। नई एनडीपीएस कोर्ट में सेशन स्तर का अधिकारी ही नियुक्त होगा। जबकि, नोखा सहित खाजूवाला और श्रीडूंगरगढ़ में एडीजी कोर्ट है जहां पीठासीन अधिकारी को एनडीपीएस के मामलों की सुनवाई के लिए अधिकृत कर रखा है।

तीनों ही न्यायालयों में मूल मामलों की भरमार है, ऐसे में उन्हें एनडीपीएस के मामलों की सुनवाई भी करनी पड़ती है जिससे न्याय में देरी होती है। एनडीपीएस के अंडरट्रायल बंदियों को बीकानेर केन्द्रीय कारागृह में रखा जाता है। बीकानेर में विशेष कोर्ट खुलने के बावजूद उन्हें तारीख पेशियों पर नोखा, खाजूवाला और श्रीडूंगरगढ़ ले जाना और वापस लाना पड़ेगा। गौरतलब है कि एनडीपीएस कोर्ट की अधिसूचना जारी होने के बाद अब हाई कोर्ट की ओर से अधिकारी की नियुक्ति करने या एकबारगी किसी अन्य न्यायिक अधिकारी को अतिरिक्त चार्ज सौंपने पर कोर्ट शुरू हो जाएगी।

बीकानेर में एनडीपीएस मामलों की विशेष कोर्ट के लिए नए परिसर में स्थान ही तय नहीं है। राज्य सरकार ने बजट में इसकी घोषणा कर दी थी जिससे एनडीपीएस कोर्ट खुलना तय हो गया था। इसके बावजूद उसका स्थान तय नहीं किया गया। वर्तमान में बीकानेर में 34 न्यायालय हैं। इनमें से ग्राम न्यायालय और वाणिज्यिक कोर्ट नए परिसर में जगह नहीं होने के कारण पुराने भवन में ही चल रही हैं। ऐसे में अब एनडीपीएस कोर्ट कहां लगेगी, उसके स्थान को लेकर मशक्कत करनी पड़ेगी।

वर्तमान में नोखा, खाजूवाला और श्रीडूंगरगढ़ को छोड़कर एनडीपीएस मामलों की सुनवाई के लिए अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या एक को अतिरिक्त चार्ज दे रखा है। कोर्ट में एनडीपीएस के 1375 मामले पेंडिंग चल रहे हैं। इनमें से 834 मामले गवाही की स्टेज पर हैं और 375 में चार्ज लग चुका है। पांच मामले फाइनल स्टेज पर हैं और 161 ऐसे मामले हैं जो रिमांड स्तर पर हैं। यानी कोर्ट में उनकी ट्रायल शुरू होनी है। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विवेक शर्मा का कहना है कि मादक पदार्थों की तस्करी के बड़े मामले पाक बॉर्डर से सटे खाजूवाला के हैं। पाकिस्तान से अरबों रुपयों की हेरोइन तस्करी इस क्षेत्र में होती है। इसके अलावा नोखा और श्रीडूंगरगढ़ तस्करों के बाइपास बने हुए हैं। ऐसे में इन इलाकों को एनडीपीएस की विशेष कोर्ट से अलग रखना गलत निणन्य है। बड़े और गंभीर स्तर के मामलों की सुनवाई विशेष कोर्ट के सेशन स्तर के अधिकारी को ही करनी चाहिए। सरकार के नुमाइंदों की भी जिम्मेदारी है कि वे वस्तुस्थिति से अवगत कराएं जिससे कि गलत निणन्य लेने से बचा जा सके। सरकार को इस पर पुनर्विचार कर संशोधित अधिसूचना जारी करनी चाहिए।

इसके अलावा एनडीपीएस कोर्ट की बजट में घोषणा हो चुकी थी। उसका स्थान पहले से ही तय किया जाना चाहिए था। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय पुरोहित का कहना है कि लंबे समय से बीकानेर में एनडीपीएस कोर्ट की आवश्यकता थी और सरकार के बजट सत्र में इसकी घोषणा होने पर न्यायिक जगह में खुशी थी। लेकिन, सरकार की ओर से अधिसूचना जारी कर नोखा, खाजूवाला और श्रीडूंगरगढ़ को इस विशेष कोर्ट से अलग रखने पर निराशा हाथ लगी है। यह अजीबोगरीब निणन्य है। बीकानेर जिले की सीमा पाकिस्तान बॉर्डर से लगती है। भारतमाता से कई जिले और राज्य जुड़ गए जिससे तस्करी बढ़ी है और बड़े मामले उजागर हो रहे हैं।

एईएन बोले-विधायक ने लातें मारी और पाइप से पीटा

श्रीगंगानगर, एईएन और भाजपा विधायक जयदीप बिहाणी के बीच विवाद गहरा गया है। शुक्रवार को राजस्थान अरबन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के एईएन जगनलाल बैरवा ने कहा- विधायक ने मेरे लातें मारी और पाइप से पीटा। नई शर्ट पहनाकर पुलिस को सौंपा। इधर, जमानत मिलने पर बाहर आए एईएन की बेटी पिता के गले लगकर रोने लगी।

एलएंडटी के मैनेजर शहनवाज हसन और इंजीनियर सोहम परमार को भी जमानत मिल गई। जमानत के बाद तीनों अधिकारियों ने जिला पारिषद में मीडिया से बात की। इस दौरान एईएन जगनलाल बैरवा फटी हुई बनियान पहनकर पहुंचे और अपनी आंख दिखाते हुए बताया कि उन्हें बुरी तरह से पीटा गया। इतना ही नहीं पुलिस को सौंपने से पहले नई शर्ट भी पहनवाई, ताकि ऐसा लगे कि कुछ हुआ ही नहीं है।

राजस्थान अरबन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट एईएन जगनलाल बैरवा ने कहा- गुरुवार सुबह उन्हें एक्सईएन मोनिंद्रजीत सिंह और एईएन कृष्ण धारीवाल ने एसडी बिहाणी कॉलेज स्थित विधायक सेवा केंद्र में बुलाया था। 11:30 बजे विधायक के फोन से कॉल कर उन्हें जल्दी पहुंचने को कहा गया। मैं शहनवाज हसन और सोहम परमार के साथ पहुंचा ही था कि विधायक जाने के लिए गाड़ी में बैठे थे।

सार-समाचार

सीआईटीयू ने चार लेबर कोड रद्द करने की मांग की

हनुमानगढ़ । यहा अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र (सीआईटीयू) के नेतृत्व में मजदूरों ने जिला कलेक्ट्रेट के सामने एक सभा की। इस दौरान श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा, चार लेबर कोड रद्द करने और मजदूर आंदोलनों में पुलिस हस्तक्षेप रोकने की मांग की गई। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि मजदूरों ने वर्षों के संघर्ष के बाद श्रम कानूनों के माध्यम से 8 घंटे काम, 8 घंटे आराम और 8 घंटे मनोरंजन का अधिकार हासिल किया था। हालांकि, हाल के वर्षों में इन श्रम कानूनों को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि 21 नवंबर 2025 को लागू किए गए नए श्रम संहिताओं से मजदूरों के अधिकारों में कटौती हुई है। इससे पूंजीपतियों को लाभ मिल रहा है, जबकि श्रमिकों के हित प्रभावित हो रहे हैं। सीआईटीयू ने स्पष्ट किया कि देश के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूर आंदोलन अचानक नहीं हो रहे हैं। ये लंबे समय से चली आ रही वेतन असमानता, ठेका प्रथा, असुरक्षित कार्य परिस्थितियों और बढ़ती महंगाई के खिलाफ एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। संगठन ने आरोप लगाया कि इन आंदोलनों को दबाने के लिए पुलिस दमन, गिरफ्तारियां और मजदूर नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। सीआईटीयू ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन बताया प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में कई प्रमुख मांगें शामिल हैं। इनमें गिरफ्तार श्रमिकों और ट्रेड यूनियन नेताओं की बिना शर्त रिहाई, झूठे मुकदमों की वापसी, न्यूनतम मजदूरी बढ़ाकर कम से कम 26 हजार रुपए प्रति माह करना, 8 घंटे कार्यदिवस का सख्ती से पालन और ओवरटाइम का उचित भुगतान शामिल है। इसके अतिरिक्त ज्ञापन में ईएसआई-पीएफ सहित सभी वैधानिक सुविधाएं सुनिश्चित करने, ठेका प्रथा समाप्त कर नियमितीकरण करने, कार्यस्थलों पर सुरक्षा मानकों का पालन करने और आवश्यक वस्तुओं, विशेषकर एलपीजी, को सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि मजदूरों की मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निणन्य नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

फिरौती मांगने व धमकी मामले में आरोपी पकड़ा

हनुमानगढ़, नोहर थाना पुलिस ने फिरौती मांगने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुनील उर्फ डेला उर्फ डेलिया (30) निवासी जांडवाला सोतर, फतेहाबाद सदर, हरियाणा, हाल वार्ड नम्बर एक, भादरा के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक विदेशी ग्लॉक पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार सुनील उर्फ डेला के खिलाफ हरियाणा और राजस्थान में आर्म्स एक्ट व फिरौती के करीब 8 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उससे मामले में संलिप्त अन्य व्यक्तियों के संबंध में पूछताछ कर रही है। यह कार्रवाई 28 मार्च को नोहर की इंदिरा कॉलोनी निवासी शहनवाज उर्फ सद्दाम द्वारा दर्ज करवाई गई रिपोर्ट के आधार पर की गई है। शहनवाज ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि करीब तीन माह पहले आकाश निगम और शिवा सिंह गुर्जर उसके घर के बाहर आए थे। आरोपियों ने उसे अमर सिंह बुडानिया की हत्या करने के लिए कहा था। मना करने पर उन्होंने शहनवाज के साथ मारपीट की और 50 लाख रुपए की फिरौती मांगी। आरोपियों ने धमकी दी थी कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो उसे जान से मार दिया जाएगा। परिवादी के अनुसार आरोपियों ने यह भी कहा था कि उनकी गैंग ने हथियार खरीद रखे हैं और वे हत्या जैसी वारदातों को अंजाम देने में सक्षम हैं। रिपोर्ट में गैंग के अन्य सदस्यों के रूप में अनिल उर्फ गुरु, मोनू और संदीप टोगसिया के नाम भी सामने आए थे। पुलिस गिरोह के नेटवर्क और अन्य आपराधिक गतिविधियों को लेकर गहन जांच कर रही है तथा फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने जांच के दौरान इस मामले में शामिल मोनू पुत्र बलवान सिंह निवासी खचवाना, संदीप पुत्र जयसिंह निवासी वार्ड 4, फेफाना, अनिल उर्फ चोटिया उर्फ गुरु पुत्र महेन्द्र गोस्वामी निवासी सागड़ा, आकाश निगम पुत्र मुन्नालाल निवासी पूर्णपुरा, आगरा तथा शिवा उर्फ शिवा गुर्जर पुत्र नारायण सिंह निवासी लाडवापुरा, आगरा, उत्तर प्रदेश को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवा दिया था।

कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

बीकानेर, शहर में एक ओर जहां भीषण गर्मी के बीच जनता बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रही है और 48 घंटे में एक बार होने वाली जलापूर्ति का इंतजार करती है वहीं जलदाय विभाग की लापरवाही और तकनीकी खामियों के चलते शुद्ध पेयजल सड़कों पर बह रहा है। सर्किट हाउस के ठीक सामने मुख्य पाइप लाइन अचानक फ